
पंजाब केसरी
FRI,06 MARCH 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला, परीक्षा के 48 घंटे के भीतर जारी होगी एम.सी.क्यू. उत्तर कुंजी

धर्मशाला, 5 मार्च (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने इसको लेकर मार्च में आयोजित की जा रही मैट्रिक और जमा-2 की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के मात्र 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर उपलब्ध करवाने के आदेश दिए हैं।



इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्तरों की शुद्धता जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है। बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को जारी की गई उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि नजर आती है तो वे आगामी 5 अप्रैल तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में बोर्ड कार्यालय की ई-मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के कारण फरवरी में अधूरी रहीं प्रायोगिक परीक्षाओं के शैड्यूल को भी पुन: निर्धारित किया गया है। अब कक्षा 10वीं और 12वीं नियमित के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन 2 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।

स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस मूल्यांकन को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपन्न करवा सकेंगे। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रैक्टीकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उन्हें इस पुन: निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा।

## एच.पी. एस.एम.सी.-एल.डी.आर. टैस्ट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा आयोजित एच.पी. एस.एम.सी.-एल.डी.आर. टैस्ट की विभिन्न विषयों की परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां (प्रोविजनल आंसर की) आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। ये परीक्षाएं प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों में 22 फरवरी को आयोजित की गई थीं।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए चारों सीरीज के लिंक वैबसाइट पर सक्रिय कर दिए गए हैं, जिससे वे अपने प्रदर्शन का सटीक आकलन कर सकें। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि यदि किसी भी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दिए गए किसी उत्तर पर संदेह है या कोई त्रुटि प्रतीत होती है तो वे अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों के साथ ई-मेल आई.डी. पर भेज सकते हैं।

Dainik Jagran 06-03-2026

# परीक्षा के 48 घंटे के भीतर जारी होगी एमसीक्यू उत्तर कुंजी

- हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने लिया निर्णय
- विद्यार्थियों व शिक्षकों को तत्काल मिलेगी सुविधा : डा. राजेश

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं में पारदर्शिता और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि मार्च 2026 में आयोजित की जा रही दसवीं व जमा दो कक्षा की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यू) की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों को उत्तरों को जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है।



डा. राजेश शर्मा ● जागरण आर्काइव

बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी विद्यार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को उत्तर कुंजी में त्रुटि नजर आती है तो वह पांच अप्रैल तक बोर्ड कार्यालय की ईमेल आइडी पर आपत्ति भेज सकता है। आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों की ओर से गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की 'आन द जाब ट्रेनिंग' के कारण फरवरी में अधूरी रही प्रायोगिक परीक्षाओं के शेड्यूल को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। अब दसवीं व जमा दो कक्षा (नियमित) के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन दो से 17 अप्रैल तक किया जाएगा। स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार आनलाइन या आफलाइन मूल्यांकन करवा सकेंगे।

अध्यक्ष ने कहा कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रेक्टिकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे उन्हें इस पुनर्निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा। बोर्ड का लक्ष्य परीक्षा प्रणाली को छात्र हितैषी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे बोर्ड की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षाएं सुचारू रूप से हों।

## एचपी एसएमसी-डायरेक्ट रिक्रूटमेंट टेस्ट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

- सात मार्च तक आपत्तियां दर्ज करवाने की अंतिम तिथि
- सीरीज के अनुसार उत्तरों का मिलान कर सकते हैं अभ्यर्थी

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड की ओर से आयोजित एचपी एसएमसी-डायरेक्ट रिक्रूटमेंट टेस्ट-2026 की विभिन्न विषयों की परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। ये परीक्षाएं प्रदेशभर के परीक्षा केंद्रों में 22 फरवरी 2026 को हुई थीं। अभ्यर्थी अपनी सीरीज (ए, बी, सी व डी) के अनुसार उत्तरों का मिलान कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर कुंजियां टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, टीजीटी नान मेडिकल, टीजीटी हिंदी, टीजीटी संस्कृत, ड्राइंग मास्टर व जेबीटी विषय की जारी की गई हैं। चारों सीरीज के लिंक वेबसाइट पर सक्रिय कर दिए हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दिए गए किसी उत्तर पर संदेह या त्रुटि प्रतीत होती है तो वह सात मार्च तक आपत्तियां प्रमाणित तथ्यों के साथ ईमेल आइडी पर भेज सकता है। साथ ही बोर्ड कार्यालय में भी आपत्तियां दर्ज करवा सकता है। बिना ठोस प्रमाण भेजी आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। अभ्यर्थियों को इस प्रक्रिया के संबंध में तकनीकी जानकारी या सहायता चाहिए तो वे बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।



Divya Himachal 06-03-2026

# एग्जाम खत्म होते ही 48 घंटे में आएंगी आंसर-की

## हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला; अध्यक्ष का दावा, छात्रों और शिक्षकों को मिलेगी सुविधा

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों की सुविधा के लिए कई महत्त्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि मार्च 2026 में आयोजित की जा रही मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के मात्र 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्तरों की शुद्धता जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां ई-मेल, डाक या स्वयं बोर्ड कार्यालय पहुंचकर भी जमा करवा सकते हैं। ई-मेल के माध्यम से आपत्ति भेजने के लिए अभ्यर्थी को कक्षा और विषय की जानकारी के साथ मेल करना होगा। इसके अलावा कार्य दिवस के दौरान बोर्ड कार्यालय में दस्ती तौर पर भी आपत्तियां जमा करवाई जा सकती हैं, जबकि डाक से भेजी गई आपत्तियां पांच अप्रैल शाम पांच बजे तक बोर्ड कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि बिना किसी प्रमाणित साक्ष्य के भेजी गई आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी लिखित या मौखिक आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा के बोल



राजेश शर्मा

**बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है** कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रेक्टिकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उन्हें इस पुनर्निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा। बोर्ड का लक्ष्य परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से छात्र-हितैषी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### प्रायोगिक परीक्षाएं दो से

**प्रतिकूल भौगोलिक** परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के कारण फरवरी में अधूरी रही प्रायोगिक परीक्षाओं के शेड्यूल को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। 10वीं और 12वीं (नियमित) के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन दो अप्रैल से 17 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस मूल्यांकन को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपन्न करा सकेंगे।

### पांच अप्रैल तक दर्ज करवाएं आपत्तियां

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तीन मार्च मंगलवार को आयोजित दसवीं और जमा दो कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी कर दी हैं। इस संबंध में बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने गुरुवार पांच मार्च को अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि परीक्षार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर संबंधित विषयों की उत्तर कुंजियां देख सकते हैं। बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संबंधित विषयों की परीक्षा समाप्त होने के 24 से 48 घंटे के भीतर उत्तर कुंजियां वेबसाइट पर अपलोड की जा रही हैं, ताकि छात्र समय रहते अपने उत्तरों का मिलान कर सकें। बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को जारी की गई उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि नजर आती है, तो वे आगामी पांच अप्रैल 2026 तक अपनी आपति लिखित रूप में बोर्ड कार्यालय की ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

पंजाब केसरी
FRI,06 MARCH 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 1

# 12वीं कक्षा के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकलचियों के पकड़े 12 मामले

धर्मशाला, 5 मार्च (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जा रही बोर्ड परीक्षाओं के तहत वीरवार को आयोजित 12वीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा नकल के 12 मामले पकड़े गए हैं। बोर्ड के सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड नकल के मामले रोकने को पूरी तरह से निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि वीरवार को मंडी जिले से 9, कांगड़ा से 2 और किन्नौर जिले से एक परीक्षार्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया है। शुक्रवार को सुबह के सत्र में 10वीं कक्षा के हिंदी व 12वीं कक्षा के पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

Amar Ujala 06-03-2026

**शिक्षा**

**7448 ने शुल्क भी चुकाया, 2181 आवेदकों ने अभी तक जमा नहीं करवाई है फीस**

# सीबीएसई स्कूलों में शिक्षकों के 5,623 पदों के लिए 9,629 आवेदन

**विपिन चौधरी**

**धर्मशाला।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने के लिए शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के 145 सरकारी स्कूलों में विभिन्न श्रेणियों के 5,623 शिक्षक पदों के लिए अब तक केवल 9,629 आवेदन ही स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास पहुंचे हैं। यह संख्या प्रदेश भर में तैनात पात्र शिक्षकों की कुल संख्या की तुलना में काफी कम आंकी जा रही है।

शिक्षा बोर्ड ने 22 मार्च को होने वाली स्क्रीनिंग परीक्षा के लिए पहले 11 से 24 फरवरी तक आवेदन मांगे थे, लेकिन शिक्षकों के कम रुझान को देखते हुए तिथि को पांच मार्च तक बढ़ा दिया गया था।

बोर्ड के पास तीन मार्च तक पहुंचे आवेदनों में से 7,448 ने ही फीस जमा की है, जबकि 2,181 आवेदन बिना फीस के अधूरे पड़े हैं। शिक्षा बोर्ड के पास पहुंचे आवेदनों में लेक्चरर ज्योग्राफी के 134 पदों के लिए मात्र 60 आवेदन ही पूरी तरह से भरे पाए गए हैं, जबकि 13 आवेदकों ने फीस जमा नहीं करवाई है। लेक्चरर सोशियोलॉजी के 134 पदों के लिए कुल 21 आवेदन पहुंचे हैं, जिनमें चार की फीस अभी लंबित है। इसके अलावा लेक्चरर साइकोलॉजी के 134 पदों के लिए मात्र 7 आवेदन पहुंचे हैं, जिनमें से 4 आवेदकों ने अभी फीस जमा नहीं करवाई है।



शिक्षकों के स्क्रीनिंग टेस्ट को लेकर मांगे गए आवेदनों की कम संख्या के चलते अब आवेदन करने की तिथि को 5 मार्च तक बढ़ा दिया गया है। अभी तक साढ़े नौ हजार के करीब आवेदन पहुंचे हैं, जबकि आवेदन करने की तिथि अभी तक शेष है।

**-डॉ. मेजर विशाल शर्मा,** सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला।

## ज्योग्राफी, म्यूजिक सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी में आए सबसे कम आवेदन

## किस पद के लिए कितने आवेदन

लेक्चरर बॉयोलॉजी के लिए 150, लेक्चरर कैमिस्ट्री के लिए 161, लेक्चरर फिजिक्स के लिए 161, लेक्चरर गणित के लिए 160, लेक्चरर कॉमर्स के लिए 288, लेक्चरर इक्नोमिक्स के लिए 167, लेक्चरर अंग्रेजी के लिए 384, लेक्चरर राजनीति शास्त्र के लिए 182, लेक्चरर इतिहास के लिए 182, लेक्चरर हिंदी के लिए 182, लेक्चरर ज्योग्राफी के लिए 134, लेक्चरर सोशियोलॉजी के लिए 134, लेक्चरर संस्कृत के लिए 134, लेक्चरर म्यूजिक के लिए 134, लेक्चरर आईपी के लिए 134, लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन के लिए 134, लेक्चरर साइकोलॉजी के लिए 134, डीपीई के लिए 140, टीजीटी आर्ट्स के लिए 480, टीजीटी मेडिकल के लिए 244, टीजीटी नॉन मेडिकल के लिए 244, शास्त्री के लिए 221, भाषा अध्यापक के लिए 239, ड्राइंग मास्टर के लिए 179, फिजिकल एजुकेशन टीचर के लिए 147, जेबीटी के लिए 640 ने आवेदन किए हैं।

Amar Ujala 06-03-2026

# शिक्षा बोर्ड ने जारी की एलडीआर टेस्ट की अस्थायी उत्तर कुंजी

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से 22 फरवरी को आयोजित की गई सीमित सीधी भर्ती (एलडीआर) की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी की है। अभ्यर्थी 7 मार्च तक प्रामाणिक तथ्यों के साथ बोर्ड मुख्यालय में अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि शिक्षा बोर्ड ने 23 दिसंबर से 15 जनवरी तक ऑनलाइन माध्यम से सीमित सीधी भर्ती (एलडीआर) के लिए आवेदन मांगे थे। 1,427 पदों को भरने के लिए शिक्षा बोर्ड के पास 1,534 आवेदन पहुंचे थे, जिनमें से 97 अभ्यर्थियों के आवेदन बिना फीस के थे, लेकिन बाद में शिक्षा बोर्ड ने इन अभ्यर्थियों को भी परीक्षा में बैठने का मौका दिया था। फीस जमा न होने तक रिजल्ट को शिक्षा बोर्ड ने होल्ड करने का फैसला लिया है। ब्यूरो

Dainik Bhaskar 06-03-2026

# एसएमसी एलडीआर टेस्ट 2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी वेबसाइट पर जारी

## 22 फरवरी को आयोजित की गई थीं परीक्षा, 7 मार्च तक आपत्तियां आमंत्रित

भास्कर न्यूज़ | धर्मशाला

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने एचपी एसएमसी एलडीआर टेस्ट-2026 से संबंधित विभिन्न विषयों की अस्थायी उत्तर कुंजियां अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि यह परीक्षाएं प्रदेश भर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में 22 फरवरी को आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं में टीजीटी आर्ट्स, टीजीटी मेडिकल, टीजीटी नॉन-मेडिकल, टीजीटी हिंदी, टीजीटी संस्कृत, ड्राइंग मास्टर तथा जेबीटी विषय शामिल थे। परीक्षाओं की उत्तर कुंजियां सीरीज ए, बी, सी और डी के अनुसार बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवाई गई हैं, ताकि अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान कर सकें। बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में किसी प्रकार की त्रुटि प्रतीत होती है, तो वह प्रमाणित तथ्यों के साथ अपनी आपत्ति 7 मार्च 2026 तक ई-मेल के माध्यम से hpbosesopapersetting.43@gmail.com पर भेज सकता है। अभ्यर्थी अपनी आपत्ति कार्य दिवसों में बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी जमा करवा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही बोर्ड ने मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की वार्षिक परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत अब बोर्ड परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों की उत्तर कुंजी परीक्षा समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी। यदि किसी छात्र या शिक्षक को उत्तर कुंजी में त्रुटि लगती है, तो वह 5 अप्रैल 2026 तक अपनी आपत्ति बोर्ड को भेज सकता है।

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि 10वीं और 12वीं के व्यावसायिक विषयों के प्रायोगिक मूल्यांकन कार्यक्रम को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। अब यह मूल्यांकन 2 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

# परीक्षा के 48 घंटे के भीतर जारी होगी एमसीक्यू उत्तर कुंजी

## हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष का बड़ा फैसला

- **विद्यार्थियों व शिक्षकों को तत्काल मिलेगी सुविधा : डॉ. राजेश शर्मा**

सवेरा न्यूज/रविन्द्र वासन

धर्मशाला, 5 मार्च : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि मार्च 2026 में आयोजित की जा रही मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के मात्र 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्तरों की शुद्धता जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है। ?बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को जारी की गई उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि नजर आती है, तो वे आगामी 5 अप्रैल 2026 तक अपनी आपत्ति लिखित रूप में बोर्ड कार्यालय की ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के कारण फरवरी में अधूरी रही प्रायोगिक परीक्षाओं के शेड्यूल को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। अब कक्षा 10वीं और 12वीं (नियमित) के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन 2 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस मूल्यांकन को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपन्न करा सकेंगे। ?बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रैक्टिकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उन्हें इस पुनर्निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा। बोर्ड का लक्ष्य परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से छात्र-हितैषी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

06 मार्च, 2026 धर्मशाला


The Sunny Times

# परीक्षा के 48 घंटे के भीतर जारी होगी MCQ 'उत्तर कुंजी'

## विद्यार्थियों व शिक्षकों को तत्काल मिलेगी सुविधा : डॉ शर्मा

**सन्नी महाजन**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित करने और छात्रों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने घोषणा की है कि मार्च 2026 में आयोजित की जा रही मैट्रिक (10वीं) और जमा दो (12वीं) की परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के मात्र 48 घंटे के भीतर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को उत्तरों की शुद्धता जांचने का तत्काल अवसर प्रदान करना है।



बोर्ड ने उत्तर कुंजी में सुधार के लिए भी एक पारदर्शी प्रक्रिया तय की है। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक या अन्य व्यक्ति को जारी की गई उत्तर कुंजी में कोई त्रुटि नजर आती है, तो वे आगामी 5 अप्रैल 2026 तक अपनी आपत्ति लिखित रुप में बोर्ड कार्यालय की ईमेल आईडी hpbosesopapersetting.43@gmail.com पर भेज सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा गहन समीक्षा की जाएगी और आवश्यकतानुसार संशोधन के बाद ही परिणाम की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त, प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों और व्यावसायिक प्रशिक्षकों की 'ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग' (OJT) के कारण फरवरी में अधूरी रही प्रायोगिक परीक्षाओं के शेड्यूल को भी पुनर्निर्धारित किया गया है। अब कक्षा 10वीं और 12वीं (नियमित) के व्यावसायिक विषयों का प्रायोगिक मूल्यांकन 02 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जाएगा। स्कूल अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार इस मूल्यांकन को ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से संपन्न करा सकेंगे।


बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि जो छात्र पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान किसी कारणवश प्रैक्टिकल परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो पाए थे, उन्हें इस पुनर्निर्धारित अवधि में एक और अवसर दिया जाएगा। बोर्ड का लक्ष्य परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह से छात्र-हितैषी और व्यवस्थित बनाना है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें ताकि परीक्षा प्रक्रिया सुचारु रुप से संपन्न हो सके।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज़
पहली नज़र
आज की ताज़ा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज़ पेपर पहली नज़र के साथ
05 मार्च, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

# SMC-LDR Test-2026 की अस्थायी उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड, 07 मार्च तक दर्ज होंगी आपत्तियां

**MCQ प्रश्नों की उत्तर कुंजी 48 घंटे के भीतर होगी उपलब्ध**

**व्यावसायिक विषयों के प्रायोगिक मूल्यांकन का कार्यक्रम 02 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक पुनर्निर्धारित**



पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा द्वारा प्रेस के नाम जारी वक्तव्य में अवगत कराया गया है कि बोर्ड द्वारा आयोजित HP SMC-LDR Test-2026 की विभिन्न विषयों की परीक्षाएं प्रदेश भर में स्थापित परीक्षा केंद्रों में 22 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थीं। इन परीक्षाओं में TGT Arts, TGT Medical, TGT Non-Medical, TGT Hindi, TGT Sanskrit, Drawing Master तथा JBT विषय शामिल थे। इन परीक्षाओं से संबंधित अस्थायी उत्तर कुंजियां (Provisional Answer Keys) Series A, B, C एवं D शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर अपलोड कर दी गई हैं, ताकि अभ्यर्थी अपने उत्तरों का मिलान कर सकें। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में किसी प्रकार की त्रुटि प्रतीत होती है, तो वह प्रमाणित तथ्यों सहित अपनी आपत्ति दिनांक 07 मार्च 2026 तक प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को hpbosesopapersetting.yx@gmail.com ई-मेल के माध्यम से भेज सकता है अथवा कार्य दिवसों में बोर्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से भी जमा करवा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 07 मार्च 2026 के उपरांत प्राप्त किसी भी मौखिक अथवा लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

## मूल्यांकन प्रक्रिया 02 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित करने का निर्णय

डॉ. राजेश शर्मा ने यह भी बताया कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं (नियमित) के व्यावसायिक विषयों के प्रायोगिक मूल्यांकन की प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फरवरी माह में आयोजित की जानी थी, किंतु व्यावसायिक प्रशिक्षकों (Vocational Trainers) के ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (OJT) कार्यक्रमों तथा प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में प्रतिकूल भौगोलिक परिस्थितियों के कारण निर्धारित समयावधि में उक्त मूल्यांकन प्रक्रिया को पूर्ण करना संभव नहीं हो पाया। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा उक्त प्रायोगिक मूल्यांकन कार्यक्रम को पुनर्निर्धारित करते हुए 02 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में SPD/SSC कार्यालय तथा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे निर्धारित अवधि के भीतर मूल्यांकन प्रक्रिया का आयोजन सुनिश्चित करें। आवश्यकता अनुसार यह मूल्यांकन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किया जा सकेगा तथा जो विद्यार्थी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नहीं हो पाए थे, उन्हें भी इस अवधि में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

बोर्ड अध्यक्ष ने आगे बताया कि मार्च 2026 में आयोजित मैट्रिक (10वीं) एवं जमा दो (12वीं) नियमित तथा राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) की वार्षिक परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षा बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। इसके अंतर्गत बोर्ड परीक्षाओं में पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ) की उत्तर कुंजी परीक्षा संपन्न होने के 48 घंटे के भीतर शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। यदि किसी परीक्षार्थी, शिक्षक अथवा अन्य व्यक्ति को उत्तर कुंजी में किसी प्रकार की त्रुटि प्रतीत होती है, तो वे अपनी आपत्ति दिनांक 05 अप्रैल 2026 तक बोर्ड कार्यालय की ई-मेल hpbosesopapersetting.yx@gmail.com पर भेज सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की विषय विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा के उपरांत आवश्यकतानुसार संशोधन किया जाएगा।

## विद्यार्थियों से की दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील

अंत में बोर्ड अध्यक्ष ने विद्यार्थियों से परीक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं छात्र-हितैषी बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है।